# चेंबर चुनाव : अधिसूचना जारी, 27 से भरे जाएंगे पर्चे

## निर्वाचन अधिकारी अशोक विजयवर्गीय ने निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 22 जून।** मप्र चेंबर आफ कामर्स एंड इण्डस्ट्रीज के चुनावों की सोमवार को अधिसूचना जारी हो गई। अधिसूचना जारी करने के साथ ही निर्वाचन अधिकारी अशोक विजयवर्गीय ने चेंबर का निर्वाचन कार्यक्रम भी जारी कर दिया। चेंबर के लिये प्रत्याशियों के नामांकन की प्रक्रिया 27 जून से शुरू होगी और मतदान 17 जुलाई को होगा।

सोमवार को चेंबर ऑफ कामर्स के सभागार में निर्वाचन अधिकारी अशोक विजयवर्गीय ने बताया कि चेंबर आफ कामर्स के 3450 सदस्य अपने 6 पदाधिकारी व 150 प्रतिनिधियों के लिये अपने मतों का उपयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि चेंबर निर्वाचन को शांतिपूर्वक व सुनियोजित तरीके से करने के लिये तैयारियां जारी है। निर्वाचन में अध्यक्ष, संयुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मानसेवी सचिव, मानसेवी संयुक्त सचिव एवं कोषाध्यक्ष के लिये विधिवत मतदान 17 जुलाई को प्रात: 8 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा। यहीं समय 150 कार्यकारिणी सदस्यों के निर्वाचन का समूहवार रहेगा। मतदान उपरांत 17 जुलाई को ही सायं से मतगणना शुरू होगी, जो देर रात्रि तक मतगणना पूरी होने तक जारी रहेगी।

चेंबर के निर्वाचन अधिकारी अशोक विजयवर्गीय ने बताया कि नामांकन भरने का कार्य 27-28 जून, नामांकन पत्रों की जांच 29 जून, नाम वापसी 2 एवं 3 जुलाई को होगी और अंतिम सूची 4 जुलाई के बाद चेंबर की बकाया राशि 7 जुलाई तक जमा की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि चेंबर के 3450 सदस्यों में से अभी 1278 का शुल्क बचा है, यदि यह सदस्य समय पर राशि जमा नहीं करेंगे तो मताधिकार का उपयोग नहीं कर पायेंगे। इस अवसर पर संयुक्त निर्वाचन अधिकारी अरविंद गौड़ व सह निर्वाचन अधिकारी राजीव अग्रवाल, पीतांबर लोकवानी भी उपस्थित थे।

**आचार संहिता लागू :** चेंबर निर्वाचन अधिकारी अशोक विजयवर्गीय ने बताया कि आज से चेंबर विधान के अनुसार आचार संहिता लागू हो गई है। यदि आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत आती है तो संविधान के अनुसार चेंबर के पूर्व पदाधिकारियों की 11 सदस्यीय कमेटी इसकी जांच करेगी।

### पोस्टर, होर्डिंग, विज्ञापन, मतदाताओं की खरीद फरोख्त व गिफ्ट पर रोक

निर्वाचन अधिकारी अशोक विजयवर्गीय ने बताया कि अब चेंबर सदस्यों को गिफ्ट, उपहार, मिठाई या लालच से प्रभावित करने पर कार्यवाही होगी। वहीं होर्डिंग, विज्ञापन, बड़े पोस्टर, पेड न्यूज पर भी प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा किसी प्रत्याशी की आगे बढ़त व ज्यादा प्रभावशाली बताने वाले समाधानों पर भी रोक रहेगी।

## पल्स पोलियो अभियान 28 को : 0-5 वर्ष के बच्चों को पिलाएंगे दवा

**ग्वालियर, 22 जून।** जिले में 28 जून को पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। इसे लेकर कलेक्ट्रेट में जिला टास्क फोर्स की बैठक अपर कलेक्टर कुमार सत्यम की अध्यक्षता में हुई। अपर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि 0 से 5 वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो खुराक से वंचित न रहे। उन्होंने बूथ कवरेज बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम.एस. सागर ने बताया कि जो बच्चे 28 जून को दवा नहीं पी पाएंगे, उन्हें 29 और 30 जून को टीम घर-घर जाकर खुराक देगी। स्वास्थ्य विभाग ने सूक्ष्म कार्ययोजना तैयार कर ली है और एएनएम/आशा कार्यकर्ताओं को बच्चों की ड्यू लिस्ट बनाने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमएचओ ने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर दवा पिलाने और पोलियो मुक्त भारत में सहयोग करने की अपील की है।

# राष्ट्रपति को विमानतल पर दी भावभीनी विदाई

**वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी पहुंचे विदाई देने**

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 22 जून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मध्यप्रदेश के भ्रमण के उपरांत आज सुबह वायुसेना के विमान से ग्वालियर से दिल्ली रवाना हुईं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु श्योपुर जिले के कूनों से प्रात: हैलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर वायुसेना के विमानतल महाराजपुरा ग्वालियर पधारीं। उनके साथ प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी आए।

ग्वालियर विमानतल पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, सामाजिक न्याय एवं उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद भारत सिंह कुशवाह एवं महापौर श्रीमती शोभा सिकरवार ने विदाई दी। विमानतल पर अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव, डीजी होमगार्ड प्रज्ञा रिचा श्रीवास्तव, संभागीय आयुक्त मनोज खत्री, आईजी अरविंद कुमार सक्सेना, डीआईजी असित यादव, कलेक्टर रुचिका चौहान, पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं वायुसेना के अधिकारी उपस्थित थे।

# जीवाजी विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षा आज, 1750 छात्र होंगे शामिल

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 22 जून।** जीवाजी विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 23 जून को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक होने वाली इस परीक्षा में लगभग 1750 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

**24 जून को काउंसलिंग :** परिणाम के बाद 24 जून को सुबह 10 बजे से अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में काउंसलिंग होगी। छात्रों को अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा और शुल्क का भुगतान ऑनलाइन करना होगा। कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य ने परीक्षा एवं प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

### परीक्षा की मुख्य बातें

**केंद्र :** ईस्ट कैंपस के 5 परीक्षा केंद्र (परीक्षा भवन, प्रबंधन, फार्मेसी, लॉ और इंजीनियरिंग विभाग)।

**आवश्यकता :** छात्रों को एडमिट कार्ड के साथ वैध फोटो पहचान पत्र लाना अनिवार्य है।

**प्रारूप :** परीक्षा ओएमआर आधारित होगी।

**परिणाम :** परीक्षा का परिणाम 24 जून की सुबह घोषित किया जाएगा।

## डबरा में 24 किलो गांजे के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

**ग्वालियर, 22 जून।** डबरा नगर में 24 किलो गांजे के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। आरोपी ओडिशा से यह गांजा लाए थे लेकिन डिलीवरी से पहले ही पकड़ाए। एक आरोपी अब भी फरार है। सिटी पुलिस ने पति पत्नी के साथ ये तीन गांजा सप्लायर 24 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किए हैं। मुख्य आरोपी संतोष पचौरी की तलाश जारी है।डबरा सिटी पुलिस के संजय शर्मा और उनकी टीम ने गाजा तस्कर के खिलाफ यह बड़ी कार्रवाई की।

## सर्वोच्च न्यायालय में विशेष लोक अदालत 21, 22 व 23 अगस्त को

**ग्वालियर 22 जून।** भारत के सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा समाधान समारोह-2026 का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी परिणति विशेष लोक अदालतों के आयोजन के साथ होगी। इसी के तहत 21, 22 व 23 अगस्त को लोक अदालत आयोजित की जायेगी। विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर नई दिल्ली में होगा। सचिव न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय ग्वालियर श्री पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि कोई भी व्यक्ति अथवा पक्षकार जिसका प्रकरण सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली में लंबित है। प्रकरण प्राप्त सूची में शामिल है तो ऐसे पक्षकार समाधान समारोह-2026 के माध्यम से अपने प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामे के माध्यम से कराना चाहते हैं तो वह अविलंब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर में उपस्थित होकर मध्यस्थता कार्रवाई में सम्मिलित होकर लाभ उठा सकते हैं।

## अवैध हथियार के साथ शातिर बदमाश गिरफ्तार

**ग्वालियर, 22 जून।** थाना बिजौली पुलिस ने सूरजपुर पहाड़िया के पास से एक बदमाश को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सत्यभान गुर्जर निवासी ग्राम पारसेन के रूप में हुई है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा, जिसके पास से एक 315 बोर का देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी पर थाना बिजौली और मेहगांव (भिंड) में पहले से मामले दर्ज हैं। साथ ही, मेहगांव के एक मामले में आरोपी के खिलाफ स्थायी वारंट जारी था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25/27 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और मेहगांव पुलिस को भी इसकी सूचना दे दी गई है।

## जुआ खेलते 7 गिरफ्तार, 54 हजार से अधिक की नकदी जब्त

**ग्वालियर, 22 जून।** जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जुआ खेलते 7 को गिरफ्तार कर 54 हजार से अधिक की नकदी जब्त की है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने काली माता मंदिर के पास स्थित एक मकान पर दबिश दी, जहाँ 7 लोग ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगा रहे थे। पुलिस ने मौके से 54,365 रुपये नकद और ताश की गड्डी जब्त कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। ?आरोपियों के खिलाफ थाना ग्वालियर में जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# आधुनिक फीचर्स और शानदार बचत, तनुष्का हीरो में ग्राहकों की भीड़

नवभारत न्यूज

ग्वालियर। दैनिक उपयोग के लिए किफायती और आधुनिक फीचर्स से लैस वाहनों की तलाश कर रहे ग्राहकों को हीरो मोटोकॉर्प के लोकप्रिय मॉडल हीरो डेस्टिनी 110 स्कूटर एवं हीरो सुपर स्प्लेंडर एक्सटेक 125 मोटरसाइकिल पर आकर्षक लाभ प्रदान किए जा रहे हैं। शोरूम प्रबंधन के अनुसार हीरो डेस्टिनी स्कूटर पर ग्राहकों को 4,000 तक का एक्सचेंज बोनस तथा फ्लिपकार्ट ऑफर के तहत 6,000 तक का अतिरिक्त लाभ प्राप्त हो सकता है। वहीं हीरो सुपर स्प्लेंडर एक्सटेक 125 पर 6,000 तक का फ्लिपकार्ट डिस्काउंट और कॉर्पोरेट ऑफर के तहत 2,200 तक का अतिरिक्त लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। इन विशेष ऑफर्स और वाहनों की बेहतरीन माइलेज क्षमता के चलते तनुष्का हीरो शोरूम में ग्राहकों की लगातार आवाजाही बनी हुई है। बड़ी संख्या में ग्राहक शोरूम पहुंचकर वाहनों की जानकारी ले रहे हैं और कई ग्राहकों ने आकर्षक ऑफर्स से प्रभावित होकर अपनी पसंदीदा बाइक एवं स्कूटर की बुकिंग भी कराई है। वहीं प्रतिदिन कई ग्राहक नए वाहन खरीदकर अपने घर ले जा रहे हैं।

**परिवारों की पहली पसंद बन रही हीरो डेस्टिनी 110 :** हीरो डेस्टिनी 110 स्कूटर को विशेष रूप से शहर में दैनिक आवागमन और पारिवारिक उपयोग को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इसमें 113.2 सीसी का एयर-कूल्ड सिंगल सिलेंडर इंजन दिया गया है, जो 9.1 पीएस की पावर और 9.79 एनएम का टॉर्क उत्पन्न करता है। स्कूटर में सीवीटी ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन दिया गया है, जिससे इसे चलाना बेहद आसान हो जाता है। डेस्टिनी 110 लगभग 50 से 55 किलोमीटर प्रति लीटर तक का माइलेज देने में सक्षम है। 5 लीटर क्षमता का फ्यूल टैंक, 19 लीटर का बूट स्पेस और आरामदायक सीट इसे परिवारों के लिए उपयुक्त बनाते हैं। स्कूटर में आई3एस टेक्नोलॉजी, एक्सटर्नल फ्यूल फिलिंग, साइड-स्टैंड इंजन कट-ऑफ, डिजिटल-एनालॉग इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर तथा मोबाइल चार्जिंग पोर्ट जैसी आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

**सुपर स्प्लेंडर एक्सटेक 125 में दमदार प्रदर्शन और स्मार्ट तकनीक :** हीरो सुपर स्प्लेंडर एक्सटेक 125 मोटरसाइकिल में 124.7 सीसी का बीएस-6 ओबीडी-2बी मानक वाला इंजन दिया गया है, जो 10.8 पीएस की पावर और 10.6 एनएम का टॉर्क प्रदान करता है। इसमें 5-स्पीड गियरबॉक्स दिया गया है, जिससे शहर और हाईवे दोनों पर बेहतर प्रदर्शन मिलता है। मोटरसाइकिल लगभग 60 से 68 किलोमीटर प्रति लीटर तक का माइलेज देने में सक्षम है। 12 लीटर का बड़ा फ्यूल टैंक, 180 मिमी ग्राउंड क्लीयरेंस और आरामदायक लंबी सीट इसे लंबी दूरी की यात्रा के लिए भी उपयुक्त बनाती है। एक्सटेक वेरिएंट में पूरी तरह डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, कॉल एवं एसएमएस अलर्ट, रियल टाइम माइलेज इंडिकेटर, यूएसबी मोबाइल चार्जिंग पोर्ट, एलईडी हेडलैंप, सर्विस रिमाइंडर तथा लो फ्यूल इंडिकेटर जैसी आधुनिक सुविधाएं दी गई हैं। तनुष्का हीरो ग्वालियर के अनुसार सीमित अवधि के लिए उपलब्ध इन विशेष ऑफर्स का लाभ उठाकर ग्राहक हजारों रु. की बचत कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक ग्राहक शोरूम पर संपर्क कर सकते हैं।

# सीएमएचओ ने हजीरा और बिरला नगर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 22 जून।** स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता परखने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. एम.एस. सागर ने सोमवार को सिविल अस्पताल हजीरा और बिरला नगर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। सिविल अस्पताल हजीरा में मरीजों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच के लिए डॉ. सागर ने स्वयं भोजन चखा और व्यवस्था पर संतोष जताया। हजीरा में उन्होंने अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी, नेत्र ओटी, आईसीयू और टीकाकरण इकाई का निरीक्षण किया। बिरला नगर में एनबीएसयू, ओपीडी और मैटरनिटी विंग की व्यवस्थाएं देखीं।

**स्टाफ की प्रशंसा, दिया आश्वासन :** बिरला नगर के प्रभारी डॉ. जे.के. मसोरिया की ओर से स्टाफ की कमी के निवेदन पर सीएमएचओ ने उपलब्धता के आधार पर शीघ्र भर्ती का आश्वासन दिया। सीएमएचओ ने दोनों अस्पतालों के चिकित्सकों और स्टाफ के कार्यों की सराहना की और बेहतर सेवाएँ जारी रखने हेतु प्रोत्साहित किया।

अधिकृत डीलर: ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्ड: शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), एसोशिएट डीलर: अम्बाह-उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 7428492559, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, अमानगंज: असाती ऑटोमोबाइल्स, 9993146070, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) भिन्ड : शिवम् मोटर्स 9289922787.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95